17/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की सत्तावन लोकसभा सीटों पर आखिरी चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की तेरह-तेरह, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा। वोटों की गिनती चार जून को होगी।

0000000000000000000000

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि भारत को दो हजार सैतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने में निजी क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नई दिल्ली में व्यापार संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सीतारामन ने देश के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न आर्थिक आंकलनों का हवाला देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि अगले पांच वर्ष में भारत वैश्विक विकास में अट्ठारह प्रतिशत का योगदान देगा। भारत की विनिर्माण क्षमता और सहयोग क्षेत्र में शक्ति पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था और भी अधिक गति से आगे बढेगी।

0000000000000000000000

राजधानी ईटानगर में आज हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद ने हस्तशिल्प विदेश व्यापार महानिदेशालय के निर्यात बंधु योजना पर एक दिवसीय निर्यात जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया। वैश्विक व्यापार के सफर में चलने के लिए योजना बनाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्यात बंधु कार्यक्रम उन्हें आवश्यक समर्थन और मार्गदर्शन देने में महत्वपुर्ण भूमिका अदा करता है। इस कार्यक्रम में निर्यात बंधु अधिकारी परामर्श व्यक्तियों का खासकर अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में नए लोगों का मार्गदर्शन कर परामर्शदाता की भूमिका निभाता है। यह पहल युवा वैश्विक व्यापार से जूड़े युवा लोगों के लिए सहायक और सीखने का अनुभव रहा। हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद के क्षेत्रीय संयोजक जेसमिना जेलियांग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में काफि प्राकृतिक संसाधन, हस्तशिल्प कौशल और अन्य प्राकृतिक रेशे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशाल क्षमता होने के बावजूद इस क्षेत्र में एक भी निर्यातक नहीं है। परिषद की ओर से उन्होंने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे की राज्य से पहला निर्यातक उभरकर आए। राज्य भर के उद्‌यमी इस सेमिनार में उपस्थित थे।

0000000000000000000000

लोअर सियांग जिले के पशु चिकित्सालय में आज एक नवनिर्मित बहुउद्देशीय सम्मेलन हॉल का उद्‌घाटन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, लोअर सियांग के उपायुक्त रुज्जुम राक्षप ने विभाग द्‌वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की और कार्यालयों को सुसज्जित और आधुनिक बनाने और आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला उपायुक्त ने भी विभाग के प्रयासों की सराहना की और जिला प्रशासन से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। 0000000000000000000000

राजधानी ईटानगर क्षेत्र के ट्रेफिक भीड़-भाड़ को कम करने की दिशा में गंगा ए पी एस टी बस टर्मिनल और ई एस एस सेक्टर के निकट दो नए बहु मंजिला कार पार्किंग की सुविधा का कल से परिक्षण के आधार पर खोला गया। ट्रायल पिरियड में शहरी विकास विभाग इस सुविधाओं कि संचालन की निगरानी करेंगी। इस अत्याधुनिक पार्किंग स्थल को उनतीस दशमलव पांच करोड़ के लागत से बनाया गया है और अगले छह महिने तक यहा निशुल्क पार्किंग कि सुविधा मुहैया किया जाएगा। तीन हाईड्रोलिक कार लिफ्ट्स और एक यात्री लिफ्ट प्रति सुविधा में शामिल है। इसकी पारिचालन क्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों संबद्ध स्थानों के परिसरों पर उन्नत अग्निशामक प्रणाली और पावर जेनेरेटर स्थापित किया गया है।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग़ जिले में पुरोइक समुदाय कि कल्याण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत जिला उपायुक्त सचिन राना ने कल अधिकारिक तौर पर एक Emergency help line number का शुभारंभ किया। पुरोइक समुदाय के प्रति बार-बार घटने वाली घटनाओं के मद्देनजर तत्काल और प्रभावी सहायता की आवश्यकता को पहचाना गया है। हेल्पलाइन नंबर है 7085721317 यह हेल्पलाइन नंबर पुरोइक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण जीवन रेखा की तरह काम करेगा। संबद्ध समुदाय सदस्यों से संबंधित कोई भी चिंता को लेकर को भी व्यक्ति इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या Whatsapp Message भेंज सकते है। यह पहल पुरोइक समुदाय को समय पर सहायता प्रदान करने का प्रशासन के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। यह Emergency help line number 24/7 काम करेगा।

0000000000000000000000

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आशंका जताई है की कि अगले 7 दिनों में अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। इस बीच, आईएमडी ने अगले पांच दिनों में अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है।

0000000000000000000000